(ख) यदि हां, तो नवम्बर 1988 में इस भंडार में कुल कितना अनाज था;

(ग) क्या यह सच है कि देश में अनाज के उत्पादन में वर्षवार निरंतर वृद्धि होने के बावजूद सरकारी अन्न भंडार में किसानों का योगदान अपेक्षाकृत कम रहा है ; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार अपनी कृषि मूल्य नीति पर पुन: विचार करेगी जिससे किसान अपना अधिक से अधिक उत्पादन सरकारी क्षेत्र को बेचे ?

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में उप मंत्री (श्री डी० एल० बैठा) : (क) जी हां ।

(ख) सरकारी एजेन्सियों के पास 30-11-1988 की स्थिति के अनुसार बफर स्टाक सहित गेहूं और चावल का कुल 87.3 लाख मीटरी टन का स्टाक था ।

(ग) खाद्यान्नों के उत्पादन में निरन्तर वृद्धि की कोई प्रवृत्ति नहीं दिखाई देती है । तथापि, 1987-88 के सूखे के वर्षों को छोड़कर वसूली सामान्यतया उत्पादन की प्रवृत्ति का अनुसरण कर रही है ।

(घ) कृषि उत्पाद की मूल्य नीति का उद्देश्य उत्पादकों को उपज के लाभकारी मूल्य देना सुनिश्चित करना है तथा इस नीति की समीक्षा की जाती है और वर्ष में प्रत्येक मौसम के लिए इसकी घोषणा की जाती है ।

दिल्ली दुग्ध योजना और मदर डेयरी द्वारा दूध के मूल्यों में वृद्धि

458. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली दुग्ध योजना और मदर डेयरी के दूध के दामों में अभी हाल ही में भारी वृद्धि की गयी है जिससे दिल्ली के लोगों को सस्ती दरों पर दूध उपलब्ध कराने का इन दोनों संगठनों का उद्देश्य विफल हो गया है ;

(ख) यदि हां, तो मूल्यों में कितने प्रतिशत वृद्धि की गयी और क्या इस मूल्य वृद्धि के कारण प्राप्त धनराशि का अंश दूध उत्पादकों को दिया गया ;

(ग) यदि हां तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ; और

(घ) क्या इन संगठनों के प्रशासनिक एवं प्रबन्ध पर होने वाले व्यय में कटौती करने के लिए कोई कदम उठाये गए हैं, यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री श्याम लाल यादव) : (क) दोनों महानगरीय डेरियां अर्थात दिल्ली दुग्ध योजना और मदर डेयरी, दिल्ली उपभोक्ताओं को इस तरीके से उपलब्ध कराने के लिए स्थापित की गई है जो ग्रामीण दुग्ध शालाओं में सहकारी तंत्र के जरिए दूध की आपूर्ति करने वाले ग्रामीण उत्पादकों को दिए गए वचन के अनुरूप हो । उनके निरन्तर सक्षम ढंग से सही परिचालन के आधार पर कार्य करने की अपेक्षा की जाती है । दोनों डेरियों द्वारा की गयी मूल्य वृद्धि उपरोक्त उद्देश्यों के अनुरूप थी ।

(ख) और (ग) दिल्ली दुध योजना और मदर डेयरी द्वारा विपणित दुग्ध की कीमतों में बढ़ोत्तरी की प्रतिशतता निम्नलिखित है :—

	प्रतिशत बढ़ोत्तरी
दिल्ली दुग्ध योजना	36.3
मदर डेयरी	42.8

दोनों डेरियां ग्रामीण दुग्ध उत्पादकों से अपने जिला संघों/राज्य स्तरीय महासंघों के माध्यम से दुग्ध को खरीद कर रही हैं। जिला संघों/राज्य महासंघों के लिए वर्तमान भारित औसत मूल्य निम्नलिखित है :—

	रुपये/कि० ग्राम
(i) मिश्रित दुग्ध	5.92
(ii) गाय का दूध	5.84

(घ) अपने प्रबंध कार्यों के भाग के रूप में दोनों डेरियां आवश्यक आर्थिक लाभ प्राप्त करने के लिए लगातार अपने व्यय का प्रबोधन कर रही हैं।

मास्टर प्लान का उल्लंघन कर अलकनन्दा आदि में आवासीय फ्लैटों का निर्माण

459. श्री राम जेठमलानी :
श्री राम नरेश यादव :

क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण ने दिल्ली के समुचित विकास के लिए बनायी गयी मास्टर प्लान का उल्लंघन कर दक्षिणी दिल्ली क्षेत्र के अलकनन्दा मन्दाकिनी एनक्लेव में तथा महरौली बदरपुर मार्ग पर सैडलाजेब में आवासीय मकान बनाये हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या इस उद्देश्य के लिए मास्टर प्लान में आवश्यक संशोधन किया गया ; और

(ग) यदि नहीं, तो बिना आवश्यक संशोधन के यह निर्माण कार्य किस आधार पर आरम्भ किया गया ;

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) से (ग) अलकनन्दा और मंदाकिनी एन्क्लेव में वृहत्/क्षेत्रीय योजनाओं में रिहायशी प्रयोजनों के लिए उद्दिष्ट भूमि पर फ्लैटों का निर्माण किया गया है। जहां तक सैडलाजेब में फ्लैटों के निर्माण का संबंध है, कृषि हरित पट्टी से रिहायशी उपयोग में भूमि परिवर्तन का मामला प्रक्रियाधीन है।

Allotment of Land for Schools in Vasant Vihar

460. SHRI JERLIE E. TARIANG: Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to refer to the answer to Unstarred Question 2626 given in the Rajya Sabha on the 2nd December, 1983 and state.

(a) when the M.C.D, and the Delhi Administration had applied for allotment of land for a Primary School and Middle School respectively in Vasant Vihar;

(b) what steps were taken during this period for removing the encroachment;

(c) what action has been taken against the officials responsible for undue delay in handing over the possession; and

(d) by when the land is likely to be handed over to the M.C.D, and the Delhi Adminstration?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI DALBIR SINGH): (a) MCD and Delhi Administration had applied for allotment of land for a primary school and a middle school in Vasant Vihar in July 1987 and August 1987, respectively.

(b) A portion of the land allotted t_0 MCD and Delhi Administration is encroached upon by an allottee of the adjoining' plot. 'Show-cause notice have been isued for removing the encroachment.

(c) Does not arise.

(d) The ppsession will *be* Ir over to the MCD and Delhi Adminstration after removal of the encroach-